THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) A plot to target Union Home Minister by Babbar Khalsa International has been foiled with the arrest of 4 members of that group by Punjab Police. Kulwinder Singh and his 2 associates were arrested on the night of 23rd January, 1999 near Vill. Panjdherian, P.S. Phillaur, Distt. Jalandhar. The fourth associate Darshan Singh was arrested in Distt. Fathegarh Saheb. Investigation revealed that Kulwinder Singh was infiltrated from across the border around the middles of December, 1998 after his training. He was assigned the task of targeting senior political functionaries. He disclosed that the hitlist of Babbar Khalsa included Shri L.K. Advani, Union Home Minister for which he was also briefed by Wadhawa Singh, Chief of the Babbar Khalsa International, based in Pakistan. Large quantities of weapons, explosives and narcotic drugs were recovered from the possession of the arrested terrorists. Cases under the relevant provisions of law have been registered against the 4 arrested terrorists of Babbar Khalsa International in Distts. Jalandhar and Fathegarh Saheb. On the basis of interrogation of the arrested terrorists about a dozen Member of Babbar Khalsa have been identified. The information collected has been shared with the concerned agencies by the Govt. of Punjab.

मंत्रालयों में प्रवेश पासों का दुरुपयोग

823. **श्री रामजीलाल:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 5 जनवरी, 1999 के राष्ट्रीय सहारा में "मंत्रालयों में प्रवेश के पासों का दुरुपयोग" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो ये विशेष प्रवेश पास गैर-सरकारी व्यक्तियों को किस अधिकारी द्वारा जारी किये गये थे और ये किस उद्देश्य से जारी किये गये थे;

(ग) क्या सरकार ने विशेष पासों के दुरुपयोग की जांच करवाई है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(घ) क्या सरकार इस बात का पता लगाने के लिये जांच करायेगी कि इन पासों का उपयोग गोपनीय जानकारी एकत्र करने में भी किया गया; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) जी हां, श्रीमान्।

(ख) से (ङ) प्रकाशित समाचार में कई आरोप निहित है जो तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। गैर-सरकारी व्यक्तियों को पास जारी करने में अनियमितताओं अथवा इस पासों का अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा गोपनीय सूचना एकत्र करने के लिए दुरुपयोग किए जाने की कोई भी घटना सरकार के ध्यान में नहीं आई है।

दिल्ली के गेस्ट हाउसों में आतंकवादी

824. **श्री रामजीलाल:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 20 जनवरी, 1999 के राष्ट्रीय सहारा के मुख पृष्ठ पर "दिल्ली के कई गेस्ट हाउस आतंकवादियों के अड्डे" शीर्षक से प्रकाशित भूतपूर्व केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री के वक्तव्य की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के लिये सरकार द्वारा क्या विशिष्ट प्रयास किये गये है; और

(ग) उनके क्या परिणाम निकले है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) जी हां, श्रीमान।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों में, अन्य बातों के साथ-साथ, आतंकवादियों के छिपने के सम्भावित ठिकानों पर निकट से नजर रखना और छापे मारना, होटलों/गेस्ट हाउसों की नियमित जांच, घोषित अपराधियों पर निगरानी और सम्भावित आतंकवादियों और उन्हे श्रण देने वालों की गतिविधियों पर आसूचना का सुदृढ़ीकरण शामिल है। उन उपायों के फलस्वरूप, दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में बम विस्फोट के लिए कथित रूप से जिम्मेवार